# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 01/07/परीक्षा/2016, दिनांक 05.05.2017**

## राज्य वन सेवा परीक्षा 2017

**वन क्षेत्रपाल के पद हेतु देय आयु सीमा में छूट में संशोधन तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधन की सूचना**

**मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12.05.2017**

01 आयोग द्वारा वन विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु वन सेवा के पदों की पूर्ति हेतु **"राज्य वन परीक्षा- 2017"** का **विज्ञापन क्रमांक 07/परीक्षा/2016, दिनांक 05.12.2016** आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in,** एवं **www.mppsc.com** पर जारी किया गया था तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक **12.12.2016** के अंक में भी प्रकाशित किया गया गया था । वर्तमान मे प्रारम्भिक परीक्षा मे सफल अभ्यर्थियों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे है।

02 उक्त विज्ञापन के परिशिष्ट-1 (एक) में उल्लेखित आयु सीमा में छूट सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी 3-4/2016/1/3, दिनांक 12.07.2016 के प्रावधान के अनुसार निम्नानुसार संशोधित की जाती है :-

| **विज्ञापन में प्रकाशित व्यवस्था** | **संशोधित व्यवस्था** |
|---|---|
| उच्चतम आयु सीमा में छूट<br>(एक) वन क्षेत्रपाल:-<br>आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, )/ शासकीय सेवकों निगम मण्डल, स्वायत्तशासी संस्थाये/ नगर सैनिको तथा वन विभाग के भरती नियम का अनुसरण करते हुए नियुक्त किये गए विभागीय कर्मचारियों हेतु भी अधिकतम आयु 38 वर्ष रहेगी । | उच्चतम आयु सीमा में छूट<br>(एक) वन क्षेत्रपाल:-<br>आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, )/ शासकीय सेवकों निगम मण्डल, स्वायत्तशासी संस्थाये/ नगर सैनिको, **महिलाओं** तथा वन विभाग के भरती नियम का अनुसरण करते हुए नियुक्त किये गए विभागीय कर्मचारियों हेतु भी अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष रहेगी । |

03 उक्त संशोधन के फलस्वरूप मध्य प्रदेश के मूल निवासी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी, मध्यप्रदेश शासन के शासकीय सेवकों निगम मण्डल, स्वायत्तशासी संस्थाये/ नगर सैनिको , **मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों** तथा वन विभाग के भरती नियम का अनुसरण करते हुए नियुक्त किये गए विभागीय कर्मचारियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष रहेगी ।

04 उक्त संशोधन के परिप्रेक्ष्य में राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2017 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **12.05.2017** निर्धारित की जाती है । त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि **14.05.2017** रहेगी।

05 शेष शर्तें एवं नियम पूर्वानुसार ही रहेगे।

**उप सचिव**